दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 327
मुरादाबाद
22 March 2025
(Saturday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भारत ने हासिल किया एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक मुकाम, PM मोदी ने की सराहा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कोयला क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत की ऊर्जा स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के महत्वपूर्ण लक्ष्य को पार करने की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम बताया।प्रधानमंत्री मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कोयला क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत की ऊर्जा स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्रधानमंत्री मोदी ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारत के लिए गर्व का क्षण! एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक मुकाम पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

जो हमारी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कोयला मंत्री गिरीश किशन रेड्डी ने भी सराहा- केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री गिरीश किशन रेड्डी ने भी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को श्रेय दिया,

जिसने इस क्षेत्र में तकनीकी उन्नति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और कुशल खनन प्रक्रियाओं को अपनाकर, भारत ने न केवल कोयला उत्पादन को बढ़ाया है, बल्कि सतत और जिम्मेदार खनन को भी प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, 卐यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगी, देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगी और सभी नागरिकों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। भारत में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका- कोयला मंत्रालय द्वारा पिछले महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला देश है और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कोयला देश की राष्ट्रीय ऊर्जा खपत का 55त्न योगदान देता है और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य संसाधन बना हुआ है। कोयला क्षेत्र॰ औद्योगिक और आर्थिक विकास की रीढ़ भारत में 74त्न बिजली उत्पादन थर्मल पावर प्लांट्स से होता है, जिससे कोयला क्षेत्र की मजबूती आवश्यक हो जाती है। दिसंबर 2024 में कोयला उद्योग की विकास दर 5.3त्न दर्ज की गई, जो भारत की आठ प्रमुख उद्योगों में सबसे अधिक थी। यह क्षेत्र भारतीय रेलवे के मालभाड़ा राजस्व का 50त्न उत्पन्न करता है और लगभग 4.78 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

## लालू परिवार हुआ हमलावर तो जदयू ने निकाली पुरानी तस्वीर, दावा- राष्ट्रगान में राजद सुप्रीमो बैठे हैं

जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि 15 अगस्त 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रगान का अपमान किया था। जब देश 50वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, तब लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय झंडा उल्टा फहरा दिया था। राष्ट्रगान के अपमान पर सियासी घमासान जारी है। राष्ट्रगान विवाद पर राजद ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। अब सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने लालू परिवार पर पलटवार किया है। जदयू के एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने विधान परिषद् परिसर में एक तस्वीर दिखाई। इसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव राष्ट्रगान के वक्त बैठे हुए थे। नीरज कुमार ने कहा कि राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र देने वाले आरजेडी के नेताओं को अपने इतिहास को याद करना चाहिए। यह तस्वीर 2002 की है, जब मार्च फास्ट चल रहा था और उस वक्त आरजेडी की नेता और मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राष्ट्रीय गान के दौरान कुर्सी पर बैठी रही थीं। जदयू एमएलसी ने कहा कि उस समय राष्ट्रीय गान हो रहा था, लोग खड़े थे, लेकिन राबड़ी देवी




कुर्सी पर बैठी हुई थीं। नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि उस वक्त के राज्यपाल पुरस्कार वितरण कर रहे थे और परंपरा के अनुसार, जब राज्यपाल जाते हैं,

तो मुख्यमंत्री को स्थान छोड़ना होता है, लेकिन राबड़ी देवी राज्यपाल के जाने से पहले ही स्थल से चली गई थीं। नीरज कुमार ने कहा कि आज यह लोग सीएम नीतीश कुमार से इस्तीफा मांग रहे हैं, जबकि पहले राबड़ी देवी विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दें। यह लोग फर्जी राष्ट्रवादी हैं, नकली राष्ट्रवादी हैं, और भ्रष्टाचारी हैं। नीरज कुमार यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रगान का अपमान किया था। जब देश 50वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, तब लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय झंडा उल्टा फहरा दिया था। इस पर लालू प्रसाद यादव के खिलाफ इंदौर में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बिहार में इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं तेजस्वी यादव के बयान पर नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव आज सजायाफ्ता के पुत्र हैं और आप ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रवाद का ज्ञान दे रहे हैं जिनके पिता स्वतंत्रता सेनानी रहे। नीतीश कुमार वे व्यक्ति हैं जिन्होंने दलित के हाथ में राष्ट्रीय झंडा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आप ने संगठन में किया बड़ा बदलाव- मनीष सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी, सौरभ भारद्वाज बने दिल्ली के अध्यक्ष

आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में सौरभ भारद्वाज दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने गए। पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन को सह प्रभारी बनाया गया है। आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है। आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, 卐आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज को पार्टी की दिल्ली इकाई का प्रमुख और मेहराज मलिक को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया है। सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, 卐चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था।

## राज्यसभा में गरजे अमित शाह, आतंकवाद पर बोला करारा हमला; विपक्ष को भी घेरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि चार दशक से देश में तीन नासूर थे, पहला- आतंकवाद, दूसरा- नक्सलवाद और तीसरा- पूर्व उग्रवाद। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई।अमित शाह ने कहा, %21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।%सरकार के विकास कार्य गिनाते हुए शाह विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जो काला चश्मा पहनकर



आंखें मूंदकर बैठे हैं, उनको विकास के नजारे नहीं दिखाए जा सकते। एक सांसद कश्मीर गए। वहां कार्यकर्ताओं के साथ बर्फ के साथ खेले भी। उन्होंने कहा कि उन्हें दूर से आतंकी दिखाई दिया। आगे उन्होंने कहा कि नजर में ही आतंकी है तो आपको सपने में भी वही आएगा। हम तो दिखाई देते ही दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न तो आतंक को बर्दाश्त कर सकती है और न ही आतंकियों को। आतंकियों के लिए देश में कोई जगह नहीं है।उन्मूलन के लिए कभी भी सुनियोजित प्रयास नहीं किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद ये प्रयास किए।% %कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं%- राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा, %एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है। सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है। यह एक सही निर्णय है। इसमें कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जब कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों की है तो 76 साल बाद अब ऐसी स्थिति है कि कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं रह गए हैं, वे अंतरराज्यीय भी हैं और बहुराज्यीय भी हैं - जैसे नारकोटिक्स, साइबर अपराध, संगठित अपराध गिरोह, हवाला। ये सभी अपराध सिर्फ एक राज्य के भीतर नहीं होते हैं। %गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी%उन्होंने कहा कि देश में कई अपराध देश के बाहर से भी होते हैं। इसलिए इन सबको ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। मैं यह गर्व के साथ कहता हूं कि 10 साल में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय में लंबे समय से लंबित बदलाव एक बार में किए हैं।

## सीएम योगी ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर हैं। यहां पर उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में पहुंचकर हाजिरी लगाई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया। सीएम ने की प्रदेश के कल्याण की कामना- शुक्रवार सुबह तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन व स्थानीय लोगों से मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री रामनगरी पहुंचे, जहां रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज



जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे पर हैं। यहां पहुंचते ही सबसे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किए। अपने एक दिवसीय दौरे में वह कई कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में नए नेतृत्व के उदय के साथ ही अब दुनिया नये भारत की बात करने लगी है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। ये सिर्फ एक दशक पहले की ही बात है। उत्तर प्रदेश और भारत के लोग दुनिया में कहीं जाते थे तो खुद को भारतीय कहने पर थोड़ा संकोच करते थे पर अब गर्व से खुद को भारतीय कहते हैं क्योंकि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इसी तरह यूपी के लोग कहीं बाहर जाने पर खुद को उत्तर प्रदेश का बताने पर संकोच करते थे पर अब वो गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का नागरिक बताते हैं। सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या के राजसदन में दो दिवसीय साहित्य उत्सव टाइमलेस अयोध्या का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मैं एक बार यूरोप गया था और वहां पर घूमने निकला और एक टैक्सी पर बैठा। मुझे टैक्सी वाला भारत का निवासी लगा। मैंने पूछा कि कहां के हो तो उसने कहा पंजाब का। मैंने पूछा पंजाब में कहां से तो चुप हो गया... फिर बताया कि पाकिस्तान से हैं। उसने मुझे बताया कि भारत का बताने पर हम यहां पर सेफ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि ये भारत की ताकत है।यहां से मुख्यमंत्री योगी रामकथा पार्क पहुंचे और मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया और उनसे उद्यम अपनाने की अपील की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर हैं। सुबह करीब सवा 10 बजे उनका हेलीकॉप्टर अयोध्या के रामकथा पार्क में लैंड हुआ। यहां से वह रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। आज करीब साढ़े चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा पैलेस राज सदन में दो दिनों तक चलने वाले साहित्य उत्सव टाइमलेस अयोध्या का शुभारंभ किया। यहां पर उनके साथ प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी, संगीत अध्येता और आयोजक यतींद्र मिश्र भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने राज सदन में अशोक के वृक्ष को जल अर्पण कर टाइमलेस अयोध्या कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके स्वागत के लिए सपा के बागी विधायक अभय सिंह भी पहुंचे हैं। सपा विधायक के खिलाफ जानलेवा हमले के मामले में जल्द ही फैसला आने वाला है। 20 अप्रैल 2024 को आए फैसले में दो जजों की बेंच में से एक जज ने उन्हें दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी।

संपादकीय Editorial

## Cancer treatment is a challenge

It was announced in the national budget for the year 2025-26 that 'Cancer Care Centres' will be set up with every district hospital. According to the blueprint prepared by the Union Health Ministry, every cancer centre must have a specialist doctor, 2 nurses, a pharmacist and a multi-purpose employee. The number of cancer specialist doctors in India has been different in various surveys. It is surprising that there is no definite count of cancer specialist doctors in the country. However, it is definitely estimated that there is a shortage of more or less 2000 cancer specialists in the country. About 50 percent of the doctors who are serving and available are working in cities only, whereas the spread and possibilities of cancer in rural areas is a very serious problem. So questions start arising from the very beginning on the budgetary arrangement of 'Cancer Care Centre'. We are not in favor of questioning such an issue, but the reality is very scary that on an average, cancer is detected in only 100 people out of one lakh. Public awareness about cancer is negligible, so it is a major public health challenge in India that cancer is detected only when the disease reaches its last stage, hence cancer becomes incurable. The Indian Council of Medical Research (ICMR) has just released some data, according to which, in 2023, there were more than 14 lakh cancer patients in India. Experts believe the number to be even higher. In fact, this number can be 1.5 to 3 times more than the recorded patients. Of course, this number is scary. Although programs for screening for cervical, mouth and breast cancer have been going on in the country. More than one-third of cancer cases occur in these parts of the body, but the rate of detection of the disease is the lowest in the world. In the cancer care centers that are working even in the capital Delhi, either the doctors are missing or the testing equipment is faulty or the turn for treatment comes after a long time. Naturally, the disease keeps spreading. Unless there is a strict administrative rein on these centres, even the 'Cancer Care Centres' in the budget cannot prove to be a successful experiment. 'Cancer Care Centres' are working in some district hospitals in the Northeast and Kerala, but there is no confirmed information on how effective they are. However, availability of specialist doctors will prove to be a serious challenge. The government can send mobile clinics to rural areas at the beginning of the proposed programme, but such clinics cannot be a substitute for a specialist doctor and there is a shortage of cancer specialists. Most of the potential cancer patients are those who do not come for checkups. Women are mostly in this category. The effort to connect cancer care centres with hospitals can be effective when checkup teams are sent to the doorstep of the people. People hesitate to even go to the hospital, whereas all health checkups are free in hospitals. People should also be encouraged to use digital tools like 'telemedicine'. New rural cancer units should be connected through the 'National Cancer Grid' so that cancer specialists between cities and villages can communicate with each other and patients can get proper treatment.

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Extra effort will do the trick: Overcome negative qualities, live every moment of life...

What can be a bigger tragedy than a person making just one attempt to do a task, if the task is done, it is fine and if it is not done, he is satisfied. He has forgotten to make extra efforts. Have you ever understood the importance and glory of human life? And have you ever realized what a precious gift this life is? Don't you feel that life is for the fulfillment of a great purpose? In fact, its purpose is to achieve everlasting peace and happiness. You also know very well that life is not just breathing, eating, digesting, sleeping, but also achieving something meaningful in life. You live life well when you strive for the welfare of humanity along with achieving balance of mind and highest spiritual experience. Some people define life in such a way that a person must have toast, butter and jam to eat, fashionable clothes to wear, a bungalow to live in and a motor car to travel around. Even if all this is achieved, what after that? Can only material comforts give you real happiness? Can only material comforts elevate the self? Can only material comforts give you courage, peace and joy? One should never forget the real goal of life in the circle of constantly distracting desires. There is no bigger mistake than making the mistake of considering the unreal as real, the ephemeral as permanent and forgetting the most important duty of life, self-realization. What can be a bigger tragedy than a person making only one attempt to do a task, if the task is done, it is fine and if it is not done, he is satisfied. He has forgotten to make extra efforts. Have you ever thought that when you were a child, you were helpless. Even if you are struck by illness and become seriously ill, you are helpless. Even when disasters like floods, earthquakes and cyclones strike you, you are helpless. Even when you grow old, you are helpless. Then why have you become so arrogant and egoistic? Rising above your illusions and making every effort to achieve goodness through prudence, self-analysis will give life the right direction. Only then will you be able to go beyond your body and mind, only then will you be able to be free and happy. Take truth as your companion and do not deviate from the basic principles of goodness. Along with this, develop the best qualities of the heart with hard work and caution. Live your life truthfully with courage, conviction and common sense. Real valor and bravery is not how many people in society are afraid of you, but real bravery is to control the mind and senses and overcome ego. Give up all distinctions and differences born of prejudice. Love everyone. Cooperate with all in a spirit of brotherhood and kindle the flame of compassion in your heart. Sutra- Live every moment of life- Conquer negative qualities and return to your sweet original home, the abode of eternal peace and bliss. Achieve spiritual perfection in this very life by diligent struggle and through a life of practical goodness, called Yoga. Live every moment of life in this way.

## Second aspect: Revolution of 1857 and the mental asylum of Agra... Today, people rejected by society weave the fabric of the future here

The 150-year-old Mental Health Institute, Agra, does not treat patients in a modern way, but in a modern way. While entering the huge gate of the 18th century, the disturbing story written by Latin American writer Gabriel Garcia Marquez on the background of mental patients, I just had to make a call, starts floating in the mind. In front is a green campus with colonial buildings spread over 172 acres. Dr. Dinesh Rathore, director of the renowned Mental Health Institute and Hospital of Agra, says, this more than 150-year-old institute has rapidly adopted new methods. We will have to return to the past. The way treatment of mental patients is shown in films, it is not like that now. It is like a normal hospital. About 250 patients come to the OPD every day. Most of the permanent patients recover and go away in a few weeks. Those who do not have a family, live here and then lead a better life with the help of rehabilitation organizations. There is no treatment here like electric shock on an electric chair. Then what is the story of that British Lieutenant Governor John Russell Colvin, who went mad during the revolution of 1857 and his grave is in front of Diwan-e-Aam in Agra Fort. For this we will have to go back to the past. Lieutenant Governor Colvin lost his balance during the revolution. The immediate reason for building a mental asylum in Agra in 1859 was the madness of Lieutenant Governor Colvin of North West Province and Awadh, whose headquarters was Agra, due to the circumstances during the revolution. He was never admitted here. The immediate cause of his death was said to be cholera on 9 September 1857. Later the British government felt that a mental institution should be built in Agra for the treatment of British affected by the revolution. The first patient to be admitted to this institution was a beggar woman. At that time, the IG Jail was its head. Dr. KC Dubey's initiative drew the attention of the whole world towards Agra - In 1904, Lucknow's mental asylum was closed and its patients and records were shifted to Agra, so that better facilities could be available at one place. In the same year, Dr. Kakran was made the first Medical Superintendent in place of IG Jail. In 1957, the initiative of the head of the institute, Dr. KC Dubey, drew the attention of the whole world towards Agra. This was to keep the wards for mental patients open. In 1995, the Uttar Pradesh government made it an autonomous body and gave it a new name, Institute of Mental Health and Hospital, instead of Mental Hospital. ...And today here in bright sunshine, people rejected by their own people and society weave the fabric of the future.

## Educational institutions should understand their responsibility, the role of education is important in the goal of developed India

With the same spirit with which the people of the country were united in the independence of India, today we have to connect with the goal of developed India with the same commitment. Educational institutions, intellectuals, researchers and students have a great role in this great sacrifice. The role of education is also important in the context of developed India because education gives birth to the desire to move forward and develop in us. Today India is going through a process of rapid change. This change is taking place in all directions - social, cultural, economic and political. We see changes in these areas many times, but are unable to understand them, whereas this is the 'era of change'. Indian contemporary modern history can be divided into three transformative periods. First, the period of freedom struggle under the leadership of Mahatma Gandhi. Second, the period of desire to achieve the goal of building the country after independence and third, today's period of developed India. This mission of developed India, along with demanding commitment like the freedom movement from every section of the society, also expects all of us to connect ourselves with new changes. In this era of developed India, we need to reinvent ourselves at both individual and institutional levels, only then can this goal envisioned by Prime Minister Modi be achieved. Recently, under the leadership of President Draupadi Murmu, there was a deep contemplation on the present and future of Indian education and educational institutions. Vice Chancellors of universities across the country, Directors of IITs, IIMs and NITs and policy makers and officials associated with the Ministry of Education participated in it. In it, Education Minister Dharmendra Pradhan said that it is hoped that our educational institutions will become lighthouses of development in India and will act as 'anchors' for the developed India envisioned by the Prime Minister. There is a future-oriented expectation inherent in his statement. It is expected that Indian educational institutions should not be limited only as institutions that teach, impart bookish knowledge and give degrees within the four walls, but go beyond this and develop themselves as thinking centers of 'development and social change'. In this way, these institutions will give direction and vision to achieve this goal of developed India through their research, data, development review and contemplation. Like the President, the Prime Minister has also mentioned the role of educational institutions in fulfilling the goal of developed India. Once in the Science Congress, he had urged the educational institutions of the country to make the society their laboratory. Only when Indian education and teaching institutions are able to establish an umbilical connection with the Indian society and the changes happening around them, will they be able to play the role of a lighthouse of developed India. The National Education Policy-2020 is going to fulfill these objectives. It breaks the traditional form of Indian education and creates policies and rules for a progressive transformation. Under this education policy, an attempt is seen to provide flexibility, inter-disciplinarity, inter-dialogue with various efforts of the society and harmonious and development-oriented dynamism, so that fundamental changes can take place in Indian education at the institutional and individual level. Indian education and teaching institutions also face the challenge of breaking their traditional nature, comfort-seeking intellectualism and many types of orthodox bonds and connecting themselves with the countless efforts going on for social changes and development. Today the country needs such intellectuals who can guide the positive leadership in the society with their knowledge. Mahatma Gandhi had once said that only through such association will we be able to see and hear the transparent divinity inherent in our society. In this context, the second need is that there should be a deep dialogue between society and education as well as between the state and education. This dialogue should be such that it does not create a difference between the two, but can enrich both. Our educational institutions and intellectual world should properly evaluate the various developmental schemes and works being run by the state and make it aware of the shortcomings in them. We do evaluate the implementation of schemes, but we lag behind in the endeavor of converting them into intellectual knowledge. Recently, on the initiative of the Ministry of Education, 20 central universities, IIMs, IITs etc. of the country together studied the social impacts of the development work going on in India, which has now been published in several volumes. Today, many such efforts are needed at various levels. Recently, I went to a state university in Uttar Pradesh. The students there said in an informal conversation that developed India is now the development mantra for us. If our teachers, students and employees have the same vision of that young student, then it will be easy for us to achieve the goal of a developed India. The spirit with which the people of the country were involved in India's independence, today we have to connect with the goal of a developed India with the same commitment. Educational institutions, intellectuals, researchers and students have a great role in this great sacrifice.

# सर्किट हाउस सभागार में मा0 याचिका समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

मुरादाबाद - सर्किट हाउस सभागार में मा0 सभापति याचिका समिति, उत्तर प्रदेश विधान परिषद श्री सत्यपाल सिंह जी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रमुखता तीन प्रकरणों पर चर्चा की गयी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम विभाग से संबंधित प्रकरण, पंचायतीराज विभाग से संबंधित प्रकरण, नगर निगम से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा की गयी, जिस पर मा0 सभापति ने संबंधित विभाग के अधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद मुरादाबाद विकास खण्ड कुन्दरकी ग्राम ईंधनपुर हसनपुर, ग्राम जैतिया फिरोजपुर से जैतिया सुल्तानपुर के मध्य गांगन नदी पर पुल के निर्माण के संबंध में विवरण को याचिका समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, पंचायतीराज विभाग से जनपद मुरादाबाद के विकास खण्ड डींगरपुर कुन्दरकी के ग्राम मिलक कुरेर में 300 मीटर खडंजे के निर्माण के संबंधित विवरण, नगर निगम विकास से संबंधित जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत मोहल्ला पंडित नगला वार्ड नम्बर-24 में 200 मीटर सीसी रोड बनवाये जाने संबंधित विवरण को भी समिति के समक्ष रखा गया, जिस पर मा0 सभापति ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित रुप से उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मा0 सभापति ने कहा कि यह समय अमृत काल चल रहा है, इस काल में छोटी से छोटी समस्याओं का संज्ञान लेकर सरकार द्वारा गंभीरतापूर्वक निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपरोक्त प्रकरणों को तीन माह में उचित कार्यवाही कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में सड़क चैडीकरण, बिलारी में कृषि मण्डी की स्थापना संबंधित सहित इत्यादि अन्य विषयों पर मा0 सभापति ने उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मा0 सभापति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, बीएसए व डीआईओएस को निर्देशित किया कि विद्यालयों के 100 मीटर के आस-पास किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ बिक्री न होने पाये इसको अच्छे से सुनिश्चित करें। बैठक में मा0 याचिका समिति सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक, मा0 सदस्य श्री रजनीकांत माहेश्वरी, मा0 सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, मा0 सदस्य बहोरनलाल मौर्य, मा0 विधान परिषद सदस्य श्री गोपाल अंजान, मा0 विधान परिषद सदस्य श्री हरिसिंह ढिल्लो, श्री रामेन्द्र भाई पटेल अनु सचिव एवं विधायी अधिकारी, श्री सर्वेश गुप्ता निजी सचिव, समीक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार मौर्य, प्रतिवेदक श्री रामप्रकाश पाल, जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, वीसी एमडीए श्री शैलेश कुमार, मुख्य विकास अधिकरी श्री सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# विनोद गुंबर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और हाजी जुनैद कुरैशी बने महानगर अध्यक्ष

तीन साल बाद पंजाबी समाज से विनोद गुंबर को कमान, महानगर अध्यक्ष पद पर नए चेहरे पर दांव





मुरादाबाद - आखिरकार कांग्रेस ने भी लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को जिला व महानगर अध्यक्षों की ताजपोशी कर ही दी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की तरह पंजाबी समाज से विनोद गुम्बर को लगभग तीन साल के विराम के बाद दोबारा जिले की कमान दी है तो वहीं महानगर में नए चेहरे पर दांव खेला गया है। बता दें की भारतीय जनता पार्टी ने महानगर अध्यक्ष पद पर पंजाबी समाज के गिरीश भंडूला को जिम्मेदारी सौंपी है। मुरादाबाद कांग्रेस में जिला व महानगर अध्यक्षों में बदलाव की प्रक्रिया पिछले तीन माह से चल रही थी। जिसमे दो बार यहां व एक बार लखनऊ में दावेदारों से साक्षात्कार भी दिल्ली के नेताओं ने लिया था। बदलाव के कयास भी तभी से लगने लगे थे। हालांकि मौजूदा जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद जहां अपने रिन्यूवल की कोशिशों में पूरे जोर शोर से लगे हुए थे तो वहीं महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा अपनी पदोन्नति की जुगत में जुटे थे। इसके अलावा कई अन्य नेताओं ने भी अपने नेताओं के सहारे अध्यक्ष पद के लिये प्रयास किये थे। लेकिन, बाजी उन्हीं के हाथ लगी जो वायनाड हो आये थे। विनोद गुम्बर पहले भी 17 महीने जिले की कमान सफलतापूर्वक चला चुके हैं। इस अवधि में उन्होंने जिले में पार्टी संगठन को मजबूती से खड़ा भी किया था। साथ ही डेढ़ दर्जन राजनीतिक मुकदमे भी उन पर लगे। इसी का इनाम उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष क रूप में मिला है। महानगर अध्यक्ष पर इम्पोर्टेड अध्यक्ष के रूप में नए चेहरे की ताजपोशी ने पुराने दिग्गजो में हलचल पैदा कर दी है। बहरहाल बुधबाजार क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस ने आमने-सामने अपने-अपने अध्यक्ष मनोनीत कर सियासत को दिलचस्प तो बना ही दिया है। गुरुवार को जैसे ही जिला और महानगर अध्यक्षों की सूची जारी हुई तो विनोद गुंबर और हाजी जुनैद को बधाई देने वालों का तांता उनके आवास पर लग गया। पिता हाजी इकराम कुरैशी के साथ 2022 में कांग्रेस से जुड़े जुनैद- कांग्रेस द्वारा महानगर अध्यक्ष बनाए गए हाजी जुनैद कुरैशी सपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री और मुरादाबाद की देहात विधानसभा से विधायक रहे हाजी इकराम कुरैशी के बेटे हैं। हाजी इकराम कुरैशी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में देहात विधानसभा से टिकट कटने के बाद कांग्रेस का दामन थामा था। इस दौरान हाजी जुनैद कुरैशी ने भी कांग्रेस ज्वाइन की थी। अमृत विचार से बातचीत में हाजी जुनैद कुरैशी ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है उसे वह निष्पक्षता से निभाएंगे। उनका कहना है कि पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाएगा।

# बड़े बकायेदारों के खिलाफ हुई कार्रवाई, 28 प्रतिष्ठान सील, 82 लाख से अधिक की वसूली

मुरादाबाद - वित्तीय वर्ष की समाप्ति के आखिरी दिनों में नगर निगम प्रशासन गृहकर व जलकर बकाया वसूली को लेकर सख्त है। हर दिन प्रतिष्ठान सील कर बकाया राजस्व की वसूली की जा रही है। गुरुवार को निगम की टीम ने 28 प्रतिष्ठानों को बकाया के चलते सील कर दिए। वहीं 82 लाख रुपये से अधिक की कर वसूली की गई। सील किए प्रतिष्ठानों पर कुर्की व नीलामी की नोटिस भी चस्पा की गई। बुधवार को भी टीम ने बकाये में 14 प्रतिष्ठानों को सील कर 81.55 लाख रुपये की कर वसूली की थी। साथ ही दो बैंक खातों को भी फ्रीज किया था। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार ने कर अधीक्षकों व राजस्व निरीक्षकों के साथ महानगर के विभिन्न जगहों पर पहुंचकर बकाया वसूली के लिए कार्रवाई की। जिसने बकाया नहीं जमा किया उसका प्रतिष्ठान सील कर दिया। टीम की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कई जगह दुकानदारों ने और समय देने की मांग की लेकिन, निगम के अधिकारियों ने कहा कि हर हाल में बकाया जमा करें तभी राहत मिलेगी।जिन प्रतिष्ठानों को सील किया गया इसमें संदीप कक्कड़ मझोला पर 14,14,920 रुपये बकाया के चलते संपत्ति सील कर दी गई। इनके अलावा मझोला के रविन्द्र कुमार पर 1,44,041 रुपये, खुशहालपुर में बबीता शर्मा पर 1,19,435 का टैक्स बकाया था जिस पर संपत्ति को सील कर दिया गया। वहीं मिलन विहार में संजीव कुमार पर 3,00,824 बकाया, सरदार अहमद पर 10,40,320 बकाया था। जिसमें से 50,000 जमा करने के बाद भी संपत्ति सील कर दी गई। वहीं तुलिका जानी पर 9,00,000 बकाया था जिसमें 2,50,000 जमा करने के बाद भी संपत्ति सील हुई। साथ ही हयात नगर के ताज हुसैन पर 4,16,704 बकाया था जिस पर संपत्ति सील कर कुर्की नोटिस चस्पा कर दिया गया। पीतल नगरी के रिजाउद्दीन पर 11,79,914 बकाया था। जिसमें से 2,00,000 जमा किया गया, इसके बाद भी संपत्ति को सील किया गया। वहीं इसके अलावा मोहल्ला करूला, मिलन विहार, पंडित नगला, दिल्ली रोड, आशियाना सहित अन्य कई क्षेत्रों में 20 अन्य संपत्तियों को भी सील किया गया। टीम के पहुंचने पर पीतल नगरी के फरीद ने बकाया राशि 3,41,448 जमा कर दिया। जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक मंगल सिंह पापड़ा, प्रदीप कुमार चौधरी के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता व प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने कहा कि कार्रवाई के दौरान गुरुवार को टीम ने 82,74,322 की कर वसूली कर राजकोष में जमा कराया है। यदि समय रहते कर जमा नहीं किया तो बकायेदारों की संपत्तियों को सील कर राजस्व वसूली अधिनियम के तहत कुर्की व अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# पांचवीं पास फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर गया जेल, बीड़ी कारोबारी से 25 लाख वसूलने में गिरफ्तार, चार की तलाश

मुरादाबाद - पांचवीं पास भूपेंद्र फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर बीड़ी कारोबारी से 25 लाख रुपये मांगते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वसूली की साजिश रची थी। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बीड़ी कारोबारी के गोदाम पर छापा मारने का डर दिखाकर 25 लाख रुपये मांगने में गिरफ्तार फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह रावत सिर्फ पांचवीं पास निकला। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के बैलोडी गांव का रहने वाला आरोपी भूपेंद्र वर्ष 2007 से दिल्ली के छतरपुर में एक होटल पर खाना बनाने का काम करता है। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी व दो बच्चे हैं। यह सभी बैलोडी गांव में रहते हैं। यह बातें आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में कबूल की हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं, उसके चार साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिशें दे रही हैं। पुलिस के मुताबिक, पौड़ी गढ़वाल के ही देवराडी गांव निवासी दोस्त संतोष कुमार के कहने पर वह नौगांवा सादात के तीन लोगों के संपर्क में आया था। इसके बाद भूपेंद्र रावत और संतोष कुमार एक सप्ताह पहले नौगांवा सादात मोहल्ला नई बस्ती के इसराइल, नन्हा और समीम के पास पहुंचे। यही पांचों ने बीड़ी कारोबारी मोहम्मद आरिफ से रुपये वसूलने की पटकथा लिखी। इसके बाद सभी कारोबारी को सीबीआई अधिकारी बनकर फोन करने लगे।फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर भूपेंद्र का दोस्त संतोष कुमार कारोबारी मोहम्मद आरिफ से फोन बात करता था। कारोबारी पहचान न सके, इसलिए संतोष कुमार, इसराइल, नन्हा और समीम ने रसोइया भूपेंद्र सिंह रावत को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर बनाकर वसूली के लिए भेजा था। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर भूपेंद्र को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। उसके साथी संतोष कुमार, इसराइल, नन्हा और समीम की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। यह था पूरा मामला- नौगांवा सादात निवासी कारोबारी मोहम्मद आरिफ को मोहल्ला नई बस्ती में बीड़ी कारखाना है। आरोप है कि कारोबारी आरिफ के मोबाइल पर पिछले पांच दिन से कुछ अनजान नंबरों से कॉल आ रही थी। फोन करने वाले लोग खुद को दिल्ली सीबीआई दफ्तर से बता रहे थे। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री कार्यालय से उनके पास कारोबारी के कारखाना और घर पर छापा मारने का आदेश मिला है। इसके अलावा भी उनके खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। सीबीआई दफ्तर से फोन आने के बाद कारोबारी आरिफ परेशान थे। लगातार फोन आने के कारण उन्होंने अपना मोबाइल बंद कर लिया। मंगलवार की शाम उन्होंने अपना मोबाइल खोला तो फिर से कॉल आनी शुरू हो गईं। फोन करने वाले लोगों ने बताया कि बुधवार सुबह सीबीआई के इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह रावत नौगांवा सादात पहुंच रहे हैं और उनके पास शिकायतों की फाइल है। यदि कार्रवाई नहीं चाहते तो 25 लाख रुपये देकर मामला रफादफा कर लेना। बुधवार दोपहर एक व्यक्ति उनके कारखाने पर पहुंचा और उसने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर भूपेंद्र रावत बताया। उसने दिल्ली सीबीआई के सीओ के नाम वाला एक फर्जी पत्र भी दिखाया। जिस पर बीड़ी कारखाने पर छापा मारने का आदेश दर्ज था। भूपेंद्र ने कारोबारी आरिफ से 25 लाख रुपये की मांग की। कारोबारी ने रकम का इंतजाम नहीं होने की बात कही तो फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर ने जितने पैसे उपलब्ध हैं, देने के लिए कहा। साथ ही बाकी रुपये बाद में देने की बात कही थी। इस बात पर कारोबारी शक हुआ तो उन्होंने दूसरे कमरे में जाकर डायल 112 पुलिस को बुला लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फर्जी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

# डायल 112 में अचानक लगी आग, पुलिस कर्मियों ने कार से कूद कर बचाई

मुरादाबाद - ठाकुरद्वारा रतुपुरा मार्ग स्थित मंडी समिति में खड़ी पीआरवी 112 में अचानक आग लग गई। कार में आग लगती देख पुलिस कर्मियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुचीं। भारी संख्या में भीड़ की एकत्र हो गयी। मंडी समिति में मौजूद व्यापारियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, कोई सफलता हाथ नहीं लगी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक कर पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।शुक्रवार सुबह नगर की मंडी समिति में डायल 112 खड़ी थी। इसमें चालक संजय कुमार और पुलिस कांस्टेबल अरुण कुमार बैठे थे। तभी कार में लिफ्टे निकलनी शुर हो गयी। आग की लपटों को देख दोनों ने पीआरबी 112 से कूद कर अपनी जान बचाई। कार में लगी आग को देख रास्ते में आवागमन भी थम गया। कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि डायल 112 स्कॉर्पियो में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। डायल 112 मंडी ठाकुरद्वारा पर खड़ी थी अचानक से आग लग गई। पुलिस कर्मियों ने कूदकर अपनी जान बचाई।



# 30 अप्रैल तक रद्द रहेगी राज्यरानी एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनें, गरीब रथ भी शॉर्ट टर्मिनेट...

## कानपुर-अमृतसर और जम्मूतवी-कानपुर सुपर फास्ट ट्रेनों को बदले मार्ग चलाया जाएगा

मुरादाबाद - कानपुर सेंट्रल-कानपुर ब्रिज स्टेशन पर ब्रिज नंबर 110 के सुधार के लिए रेलवे ने 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया है। जिसके चलते गुरुवार से मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस और चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन 30 अप्रैल तक नहीं होगा। कानपुर-काठगोदाम गरीब रथ भी शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी। चार अन्य ट्रेनों को भी बदले मार्ग से चलाया जाएगा। कानपुर में ब्रिज के निर्माण और सुधार का काम होगा। इसके चलते रेलवे ने मेगा ब्लॉक लिया है। ब्लॉक के चलते गुरुवार से राज्यरानी एक्सप्रेस व चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन थमा रहेगा। रेलवे के अनुसार ब्लॉक के चलते राज्यरानी एक्सप्रेस ( 22453-54 ) मेरठ से 20 मार्च से संचालन रोक दिया है। इसके अलावा कानपुर-बालामऊ ( 54335-36 ) व सीतपुर सिटी-कानपुर ( 54325-26 ) पैसेंजर ट्रेनें भी 20 मार्च से 30 अप्रैल तक नहीं चलेंगी। इसके अलावा मेगा ब्लॉक से कानपुर रूट की ट्रेनों को मुरादाबाद होकर चलाया जाएगा। इससे मुरादाबाद रूट पर रेल संचालन पर दबाव रहेगा। इस संबंध में सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेगा ब्लॉक से एक एक्सप्रेस और चार पैसेंजर ट्रेनों के अलावा कानपुर-काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस-12209-10 ट्रेन लखनऊ जंक्शन से संचालित होंगी। इसके अलावा कानपुर-अमृतसर और जम्मूतवी-कानपुर सुपर फास्ट ट्रेनों को बदले मार्ग कानपुर-इटावा, दिल्ली से अंबाला होकर चलाया जाएगा।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## बिजली विभाग के कर्मचारी के घर पर मिले 98 मीटर

# विजिलेंस टीम ने छापा मारा तो महिला कांस्टेबल को किया कमरे में बंद, बिजली थाने में मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- बरेली के बिजली विभाग के कर्मचारी के घर बुधवार को विजिलेंस की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान विजिलेंस टीम को कर्मचारी के घर से 98 बिजली के मीटर मिले। वहीं, टीम में शामिल महिला कांस्टेबल को कर्मचारी ने कमरे में बंद कर दिया। बड़ी मुश्किल से वह उन लोगों के चंगुल से जान बचाकर निकली। जानकारी मिली है कि इस खेल में बिजली विभाग के कई अधिकारी शामिल हैं। फिलहाल विजिलेंस की टीम ने विद्युत चोरी निरोधक थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लाइनमैन रोहताश शर्मा उर्फ लालकरन के घर मिले मीटर फरीदपुर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी संविदा लाइनमैन रोहताश शर्मा उर्फ लालकरन के घर पर विजिलेंस विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि यहां बिजली चोरी हो रही है। संविदा



लाइनमैन के घर जब छापा पड़ा तो विजिलेंस की टीम हैरान रह गई। वहां पर 98 बिजली के मीटर मिले। टीम ने देखा कि जो मीटर थे, वे सभी 10 किलोवाट से ज्यादा लोड वाले थे। कई अधिकारी हो सकते हैं शामिल सीओ विजिलेंस मीनाक्षी शर्मा के मुताबिक, संविदाकर्मी पांच हजार रुपये में मीटरों की रीडिंग में मनमाफिक बदलाव कर रहा था। इस खेल में बिजली विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी मीटर ऐसे थे जो उपभोक्ताओं को जारी किए जा चुके थे, उनकी रसीद भी मीटर में लगी मिली थी, लेकिन उपभोक्ताओं को मीटर नहीं दिए गए थे। मीटर रीडिंग में होता है फेरबदल दरअसल, फरीदपुर में इंडस्ट्रियल एरिया है, जहां पर कई फैक्ट्रियां हैं। वहां के मीटरों में फेरबदल किया जाता है। क्योंकि फैक्ट्रियों का बिल ज्यादा होता है, इसलिए उसमें लाइनमैन खेल कर देता है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर विजिलेंस ने जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय गूंगा में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा।पूर्व माध्यमिक विद्यालय गूंगा ब्लाक बिथरी चैनपुर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें कक्षा 8 मे पढ़ने वाले सभी बच्चों को कक्षा 7 के बच्चों के द्वारा सर्वप्रथम तिलक लगा कर स्वागत किया।प्रधानाध्यापक ऋषि पाल सिंह ने सभी बच्चों को स्मृति स्वरुप चिन्ह उपहार देकर बच्चों को विदाई दी और कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि ये बच्चे अच्छी तरह शिक्षित




हो और भविष्य में अपना नाम और काम करे अब तक हम सफल रहे हैं और बच्चों से कहा जो भी सिखाया गया है उसे ध्यान मे रखे निश्चित रूप से आप सभी सफल होंगे?। इससे पहले के 0 सी 0पटेल एवं राजीव लोचन शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। जीव लोचन ने विदाई गीत सुनाया, वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत,पर्यावरण संरक्षण नाटक, स्कूल चलो अभियान सहित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, अंत में बच्चों जिनको विदाई दी ।सभी अतिथियों का आभार राखी सिंह ने किया और संचालन शिखा गंगवार ने किया, इस अवसर पर गुंजन सिंह, देश राज सिंह, रेनू गंगवार, एकता खन्ना अजीत सिंह, संगीता सिंह,, स्वाति सिंह, अंकित गुप्ता, ममता देवी, हर प्यारी, वीरेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




# राजश्री कालेज में गृहविज्ञान विभाग में फूड फेस्ट और प्रदर्शिनी में स्वनिर्मित परिधानों का प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा।राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को गृहविज्ञान विभाग में अध्ययनरत बी.एस.सी., एम.एस.सी., बी.ए. व एम.ए. की छात्राओं ने फूड फेस्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, फैशन शो में रीजनल एम्ब्राइडरी आधारित विभिन्न परिधानों, पेन्टिंग व गृहसज्जा की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया। प्रतिवर्ष की भांति आयोजित वार्षिक समारोह आरम्भ में मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयर पर्सन डॉ. मोनिका अग्रवाल व ट्रस्टी श्री पीयूष




गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के उपरान्त फीता काटकर फूड फेस्ट का उद्घाटन किया। डॉ. मोनिका अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में नारी सशक्तिकरण व आधी आबादी के स्वाबलम्बन को समाज की आवश्यकता बताया। संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा तैयार किये गये परिधानों, पेन्टिंग्स, गृहसज्जा, लिप्पन आर्ट आदि में प्रशिक्षण प्राप्त कर उनके कैरियर को दिशा देने में सहायक हैं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये भारतीय परिधानों में साड़ी ड्रैपिंग इन डिफरेन्ट स्टाइल, वेस्टर्न गाउन के आधुनिक शैली के अनुसार रूपान्तरण की सराहना की। इसके अतिरिक्त फूड फेस्ट में सेजल ग्रुप द्वारा वड़ा-सांभर, खीर, साक्षी ग्रुप द्वारा आलू सब्जी, कचौरी, फ्रूट क्रीम, अंजलि ग्रुप द्वारा लस्सी, छोले-भटूरे, अंशरा ग्रुप द्वारा शाही टुकड़ा, पॉव-भाजी, उमरा ग्रुप द्वारा चाय, सोनम ग्रुप ने ब्रेड रोल, पायल पटेल द्वारा गोलगप्पे आदि व्यंजनों को पेश किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन फैशन शो आधारित रैम्प वॉक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जायेगी। कार्यक्रम में डीन प्रो0 साकेत अग्रवाल, निदेशक प्रो0 पंकज शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्राचार्य डॉ. मुकेश पाल गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा गंगवार, शिवानी कटियार, विदिशा आनन्द, निमिषा सिंह, शिवांगी अरोरा व उपासना का सहयोग रहा।

# फतेहगढ़ एसपी पर कार्रवाई के आदेश पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने दिए आदेश पीड़िता के वकील सुरेंद्र शुक्ला

क्यूँ न लिखूँ सच -श्याम जी कश्यप

जनपद सरकार उत्तर प्रदेश किसी भी जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है और जिले में पुलिस विभाग का सबसे बड़ा आधिकारी पुलिस अधीक्षक होता है.जिसे अंग्रेजी में सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस कहते हैं पुलिस विभाग का सर्वे-सर्वा पुलिस अधीक्षक होता है, और जिस खाकी से आदमी खौफ खाता है, उस खाकी वर्दी धारी सिपाही से लेकर कोतवाल तक ह्यश्च की परछाईं तक से डरते हैं उसी ह्यश्च के खिलाफ फर्रुखाबाद में कारवाई के आदेश



दिए गए है, जो कि एक बहुत ज्यादा बड़ी बात है, लेकिन वो मामला भी उतना ही गंभीर है जिसमें करवाई के आदेश दिए गए हैं, यहां पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में छेड़छाड़ की रिपोर्ट लगा दी दरअसल फर्रुखाबाद में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां पॉक्सो कोर्ट ने गलत रिपोर्ट देने पर एसपी आलोक प्रियदर्शी और दो थाना अध्यक्षों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने विवेचन पूर्व थाना अध्यक्ष कामता प्रसाद वर्तमान मोर दरवाजा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी और एसपी आलोक प्रियदर्शी खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश किशोर न्याय बोर्ड को दिए हैं दरअसल ये घटना पिछले साल अक्टूबर की है। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी का अपहरण हुआ था। पीड़िता के पिता ने 6 अक्टूबर को मामला दर्ज कराया था। 9 अक्टूबर को किशोरी वापस लौटी और बताया कि दो किशोरों ने उसका अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया। लेकिन पुलिस ने इस मामले में घोर लापरवाही बरती पुलिस ने किशोरी को कोर्ट में बयान कारण जिसमें सामूहिक दुश्मन का मामला प्रकाश में आया था और पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन एक आरोपी ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया इस मामले में कोर्ट के पुलिस से रिपोर्ट मांगने पर विवेचक ने सामूहिक दुश्मन के बजाय छेड़छाड़ की रिपोर्ट पेश कर दी। और इसी आधार पर दुष्कर्म के आरोपी को जमानत मिल गई जमानत पर छूटता ही आरोपियों ने मुकदमे के वादी को यानी पीड़िता के पिता को हत्या की धमकी दी और 25 दिसंबर को पिता की हत्या कर दी गई इस मामले में अभी सुनवाई चल रही है जिसके 5 फरवरी 2025 को इसी मामले में पीड़िता की मां ने वकील सुरेंद्र शुक्ला के माध्यम से किशोर न्याय बोर्ड में मामला उठाया और कार्रवाई की मांग की थी।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### सभासद की माता का निधन,नगर में फैली शोक की लहर, शोक जताया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला जवाहरनगर के पूर्व सभासद छत्रपाल यादव,बिजली संविदा कर्मी महेश यादव की माता शान्ती देवी ( 70 ) का शुक्रवार को उपचार के दौरान निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की ख़बर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शनों को भारी संख्या में लोग उनके आवास पर



पहुंचे,नगर के श्मशानघाट में ही दोपहर तीन बजे अंतिम संस्कार कर दिया गया।मुख्याग्नि उनके बड़े बेटे छत्रपाल यादव ने दी। मृतका अपने पीछे दो बेटे,दो बेटियों का भरा-पुरा परिवार छोड़ गयीं हैं। चेयरमैन शकुंतला देवी, प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, धनपाल सिंह पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता,शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद,विकास गंगवार, डॉ राजदीप गंगवार, प्रेमपाल सिंह यादव ,सभासद कमलेश गंगवार, वीरपाल,पूर्व सभासद पप्पू कश्यप,बाबू यादव,कमल यादव एस डी ओ अरूण कुमार लिपिक सौरभ सक्सेना , समाजसेवी दिनेश भास्कर आदि ने गहरा शोक जताया है।

### निर्धारित तिथि तक अवशेष कृषक अंश की धनराशि इण्डियन बैंक में अवश्य करा दें जमा

क्यूँ न लिखूँ सच

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान ( पी0एम0-कुसुम ) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के अन्तर्गत ऐसे कृषक जिनके द्वारा अवशेष कृषक अंश की धनराशि किन्ही कारणों से निर्धारित अवधि के अन्दर जमा नही की गयी थी उनके टोकन पुनः 20 मार्च 2025 को कन्फर्म कर दिये गए हैं जिसका संदेश संबंधित कृषकों के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर स्वतः पहुंच गया है।

उन्होंने जनपद के सभी कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि टोकन पुनः 20 मार्च 2025 को कन्फर्म कर दिये गए है, जिसका संदेश ऑनलाइन आपके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त हो जायेगा संदेश प्राप्त होने के बाद अवशेष कृषक अंश की धनराशि ऑनलाइन पोर्टल से चालान जनरेट कर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दे। किसी भी समस्या एवं जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ के यहां सम्पर्क करें।

### एसएसपी ने परेड ग्राउण्ड का निरिक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच

